Class No. : ....

Name : ....

FY 1005

FIRST YEAR HIGHER SECONDARY SECOND TERMINAL EXAMINATION, DECEMBER 2022

Part – II

HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off Time : 15 Minutes

उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश :

- *लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट का 'कूल ऑफ टाइम' है ।*
- *प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें ।*
- *उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ।*
- *निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें ।*

Score

सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें । **(5x1=5)**

1. 'अनुताप' किस विधा की रचना है ?

   (निबंध, लघुकथा, कविता)

2. बीरबल सिंह किस नाट्य-रूपांतर का पात्र है ?

   (जुलूस, अपराध, दुख)

Score

3. 'मधुऋतु' किसकी रचना है ?

(पवन करण, यशपाल, जयशंकर प्रसाद)

4. 'दुख में सुमिरन सब करै' – 'सुमिरन' का समानार्थी शब्द क्या है ?

(वसंत, स्मरण, उषा)

5. मधुऋतु कितने दिन के लिए आ गई है ?

(तीन, एक, दो)

सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अरे आ गई है भूली-सी
यह मधुऋतु दो दिन को,
छोटी-सी कुटिया मैं रच दूँ,
नई व्यथा साथिन को !
वसुधा नीचे ऊपर नभ हो,
नीड़ अलग सबसे हो,
झाड़खंड के चिर पतझड़ में
भागो सूखे तिनको !

6. 'नभ' का समानार्थी शब्द क्या है ? (1)

(आकाश, शूर, दुख)

7. नीड़ कहाँ स्थित है ? (2)

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें। (6)

Score

सूचना : 9 से 12 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें । (2×2=4)

9. 'सिहर भरी कँपती आवेंगी, मलयानिल की लहरें,'– मलयानिल की लहरें कैसे आएँगी ?

10. डॉक्टर ने किसको रिक्शा चलाने से मना कर रखा था ? क्यों ?

11. "भक्ति करै कोई सूरमा, जाति बरन कुल खोय" – कबीर के मत में सच्चा वीर कौन है ?

12. 'उसे शाक–सा लगा ।' किसको ? क्यों ?

सूचना : 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । (3×4=12)

13. जीवन–वृत्त पढ़ें और सुकेश साहनी के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

जीवन–वृत्त

नाम	:	सुकेश साहनी
जन्म	:	5 सितंबर, 1956
जन्म स्थान	:	लखनऊ
रचनाएँ	:	डरे हुए लोग, ठंडी रजाई
विशेषता	:	हिंदी लघुकथा क्षेत्र का सशक्त हस्ताक्षर

14. दोहा पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय ।
जो दिल खोजौं आपना, मुझ–सा बुरा न कोय ।।

Score

15. ये कथन पढ़ें और बीरबल सिंह के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- हमारा हुक़्म क्या आपको सुनाई नहीं पड़ा ?
- सिपाहियों, लाठीचार्ज करो ।
- सिपाहियों ! आहिस्ता से पीछे हट लो !

16. कवितांश पढ़ें और आशय लिखें ।

इस एकांत सृजन में कोई
कुछ बाधा मत डालो
जो कुछ अपने सुंदर से हैं
दे देने दो इनको ।

सूचना : गद्यांश पढ़ें और 17 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

किसी कार के हार्न से चौंककर वह वर्तमान में आ गया । रिक्शा तेज़ी से नटराज से डाक बंगलेवाली चढ़ाई की ओर बढ़ रहा था । "रुको !" एकाएक उसने रिक्शेवाले से कहा और रिक्शे के धीरे होते ही उतर पड़ा । रिक्शेवाला बहुत मज़बूत कदकाठी का था । उसके लिए यह चढ़ाई कोई खास मायने नहीं रखती थी । उसने हैरानी से उसकी ओर देखा । वह किसी अपराधी की भाँति सिर झुकाए रिक्शे के साथ-साथ चल रहा था ।

17. किसके लिए वह चढ़ाई कोई खास मायने नहीं रखती थी? क्यों ? **(2)**

18. गद्यांश का संक्षेपण करें । **(6)**

Score

सूचना : 19 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । (3x6=18)

19. अंग्रेजी संवाद का हिंदी में अनुवाद करें ।

Priya : Hi Nina ! How are you ?

Nina : Fine. And You ?

Priya : I am also fine. What are you doing ?

Nina : Nothing.

Priya : I am going to the canteen.

Nina : I will come with you.

Priya : OK. What do you like ? Tea or Coffee ?

Nina : Tea.

(Fine – ठीक, Nothing – कुछ नहीं, Like – पसंद)

20. यात्री का मन संघर्ष से भरा था । वह अपना संघर्ष डायरी में लिख रहा है । वह डायरी लिखें ।

- असलम की मृत्यु की खबर
- असलम के प्रति अपना व्यवहार
- हमदर्दी का अभाव
- पश्चाताप से उत्पन्न अनुताप

Score

21. मान लें, आपके स्कूल में एन.एस.एस. के द्वारा अक्तूबर 2 को 'गाँधी जयंती' मना रहे हैं । इस समारोह का उद्घाटन उप–मेयर (Deputy Mayor) करेंगे । इसके लिए एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें ।

22. असलम की मृत्यु के बारे में रिक्शावाला यात्री से बताते हैं । दोनों के बीच का वार्तालाप तैयार करें ।

- असलम की मृत्यु की खबर
- यात्री को शाक–सा लगना
- असलम की बीमारी
- रिक्शा चलाने से मनाना

23. सही मिलान करें । (8x1=8)

Spam	–	कूड़ेदान
Chats	–	अंतर्जाल
Format	–	प्रक्रिया
Process	–	बातचीत
Internet	–	खोज
Trash	–	अनचाहा
Search	–	ईक्षण
Editing	–	प्रारूप

Score

सूचना : 24 से 27 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें । **(2×8=16)**

24. बाज़ार में एक नया केश तेल (Hair Oil) आया है । इसके लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- बालों का टूटना बंद
- बालों को लम्बा करें
- खूबसूरत और मज़बूत बनेंगे
- बालों को मुलायम व घना बनाए

25.

पालक्काड़ : वड़क्कनचेरी में टूरिस्ट बस की तेज़ रफ्तार की वजह से हुआ हादसा ।

सड़क सुरक्षा के लिए सरकार की ओर से क्या-क्या कार्रवाइयाँ की गई हैं, इसकी सूचना पाने के लिए श्री अरुण, 'अरुण निवास', पालक्काड़ की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, परिवहन मंत्रालय, केरल सरकार, तिरुवनंतपुरम के नाम सूचना अधिकार पत्र तैयार करें ।

26. किसी एक मनपसंद फिल्म की समीक्षा करें ।

- कथा सार
- निदेशक की क्षमता
- पात्रों का अभिनय
- समग्रता

Score

27. 'मोबाइल फोन वरदान है या अभिशाप' इस विषय पर एक आलेख तैयार करें ।

- मोबाइल फोन से शिक्षा
- मनोरंजन का साधन
- बहुत सारे उपयोग
- शारीरिक और मानसिक दोष
- दुरुपयोग